प्रादेशिक समाचार

16.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. कांग्रेस ने इंडी गठबंधन समझौते के तहत तीन लोकसभा सीटों–गोड्डा, चतरा और धनबाद पर की उम्मीदवारों की घोषणा, कोडरमा में भाजपा के बूथस्तरीय सम्मेलन में शामिल हुईं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी।

2. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला में झामुमो के बूथ संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित, राज्य सरकार की गिनाईं उपलब्धियां।

3. यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का जारी किया रिजल्ट, राज्य के कई अभ्यर्थी सफल, जमशेदपुर की स्वाति को 17वां स्थान।

4. राज्यभर में महाअष्टमी पर निकाली जा रही है भव्य झांकी, कल निकलेगी रामनवमी की शोभायात्रा, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च।

5. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग को लेकर झारखंड टीम के चयन के लिए रांची में लगा शिविर, 30 खिलाड़ी चयनित।

***************

लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण का प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। बिहार के गया में जनसभा के दौरान श्रीमोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से लोगों को गुमराह करने के लिए यह झूठ गढ़ा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी संविधान नहीं बदल सकता। प्रधानमंत्री आज शाम असम में गुवाहाटी में भी प्रचार करेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट जिले में आज एक रोड शो किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी कल सिलचर में प्रचार करेंगी। असम में चौदह लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा।

***************

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आज एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 70 वर्षों में इन्होंने आम जनता के लिए कुछ नहीं किया। प्रसार भारती के साथ एक विशेष साक्षात्कार में श्री ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों के शासन में जम्मू–कश्मीर में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि इस साल जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराये जायेंगे।

***************

कांग्रेस ने इंडी गठबंधन समझौते के तहत आज झारखंड की तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से कृष्णानंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

***************

कोडरमा के सतगावां प्रखंड स्थित बासोडीह में आज भाजपा के बूथस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉक्टर नीरा यादव के अलावा लोकसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद मौजूद रहे। इस मौके पर अन्नपूर्णा ने एनडीए के चार सौ पार का संकल्प दोहराया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेने आज सरायकेला खरसावां में पार्टी की ओर से आयोजित बूथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि  झारखंड सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ–साथ लोगों की सामाजिक और आर्थिक विकास को लेकर कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

**************

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। वे आईआईटी कानपुर से विद्युत अभियंत्रण में स्नातक हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है। यूपीएससी परीक्षा में झारखंड के कई अभ्यर्थियों ने भी सफलता हासिल की है। जमशेदपुर की स्वाति को जहां 17वां स्थान और रांची की आकांक्षा को 44वां स्थान मिला है, वहीं गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर की पुत्री साक्षी जमुआर ने इस परीक्षा में 89वां स्थान हासिल किया है। सीसीएल दरभंगा हाउस में पदास्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के पुत्र वैभव कुमार को 151वां स्थान मिला है। वहीं देवघर के आदित्य केसरी, रांची की मोनिका पटेल सहित कई अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

**************

जमीन घोटाला मामले में आज सुबह से ईडी की छापेमारी जारी है। बरियातु स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतू तिर्की सहित कई अन्य के ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। बता दें कि बरियातु स्थित लगभग आठ एकड़ जमीन के मामले में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में आज एक और आरोपी अफसर अली को रिमांड पर लिया है। इस मामले में ईडी एक अन्य आरोपी सद्दाम हुसैन को भी गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

**************

देवघर जिले के मधुपुर रेलवे बाईपास परियोजना को मंजूरी मिल गई है।

**************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में आज महाअष्टमी के मौके पर भव्य झांकी निकाली जा रही है। वही, दूसरी ओर राज्यभर में रामनवमी की मुख्य शोभायात्रा कल निकाली जायेगी। इसे लेकर राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में पुलिस प्रशासन अलर्ट है और लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की जा रही है। सुरक्षा को लेकर आज जवानों ने रांची में अल्बर्ट एक्का चौक से एकरा मस्जिद चौक तक फ्लैग मार्च किया। इधर, गिरिडीह समाहरणालय में आज जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने लोगों से शांति से त्योहार मनाने की अपील की। धनबाद जिले में रामनवमी को शांतिपूर्ण, ढंग से संपन्न कराने के लिए अलग–अलग जोन बनाया गया है। वहीं आज दोपहर दो बजे से जिला नियंत्रण कक्ष शुरू किया गया है जो 18 अप्रैल के सुबह छह बजे तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या शून्य तीन दो छह – दो तीन एक एक दो एक सात या एक शून्य शून्य पर सभी तरह की सूचना दी जा सकती है।

**************

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में भाजपा ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मामले में पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले को लेकर पार्टी इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेगी।

**************

सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और सांसद गीता कोड़ा के चुनावी अभियान को रोके जाने और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट के मामले की जांच के लिए रांची जोन के आईजी अखिलेश झा आज गम्हरिया थाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली। बता दें कि गीता कोड़ा ने मोहनपुर गांव में झामुमो कार्यकर्ताओं पर मारपीट और बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए 5 ग्रामीण समेत 50 अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

***************

हॉकी इंडिया की ओर से तीस अप्रैल से नौ मई तक रांची में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के प्रथम चरण की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर आज रांची के मोरहाबादी में झारखंड महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्यभर की साठ खिलाड़ी शामिल हुईं जिनमें से तीस का चयन किया गया। इन खिलाड़ियों को 18 अप्रैल के विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के बाद बेहतर 21 खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

********समाप्त********